# वार्षिक परीक्षा : 2024–25

**कक्षा – 6** **विषय – विज्ञान**

**समय – 2.30 घंटे** **पूर्णांक – 70**

प्र.1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए –(प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का)

1. वह विधि जिससे चावल में से मिट्टी के कण,पत्थर आदि पृथक किया जाता है।

(A) थ्रेशिंग (B) हस्तचयन

(C)चालन (D) निष्पावन

2. निम्नलिखित में से पौधे का भाग है।

(A) तना (B) मूल

(C) पर्ण (D) उपर्युक्त सभी

3 . मेरुदंड में कशेरूकाएं होती हैं।

(A) 13 (B) 23

(C) 33 (D) 43

4. लंबाई का एसआई मात्रक है।

(A) किलोमीटर (B) मीटर

(C) सेंटीमीटर (D) डेसीमीटर

5. चुंबक में ध्रुव होते हैं।

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D)चार

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (5×1=5 अंक)

( तंतु, प्रजनन, वायुमंडल, त्वचा, अपारदर्शी)

I. केंचुआ…………..द्वारा सांस लेता है।

II. जंतु…………….द्वारा अपने सामान संतान उत्पन्न करते हैं।

III. यदि हम किसी वस्तु के आर पार नहीं देख सकते हैं तो वह वस्तु……………….है।

IV. प्रकाश उत्सर्जित करने वाले तार को बल्ब का…………….कहते हैं।

V. पृथ्वी के चारों ओर की वायु की परत………………… कहलाती है।

प्रश्न 3. मिलान कीजिए– (5 अंक)

| **कथन क** | **कथन ख** |
|---|---|
| 1) पुस्तक | a) कांच |
| 2) गिलास | b)लकड़ी |
| 3) कुर्सी | c)कागज |
| 4) खिलौना | d)चमड़ा |
| 5) जूते | e)प्लास्टिक |

प्रश्न 4.  सत्य/असत्य।  (5 अंक)

a) हमें सूर्य को सीधे कदापि नहीं देखना चाहिए।

b) सरसों का तेल जल में आसानी से मिश्रित हो जाता है।

c) जल को उसके वाष्प में परिवर्तन करने की प्रक्रिया को वाष्पन कहते हैं।

d) बल्ब तभी दीप्त होता है जब परिपथ में विद्युत धारा प्रवाहित होती है।

e) दर्पण-परावर्तन से हमें स्पष्ट प्रतिबिंब प्राप्त होते हैं।

प्रश्न 5. आवास किसे कहते हैं ?  (3 अंक)

प्रश्न 6. निम्नलिखित लंबाई को बढ़ाते हुए क्रम में लिखो-  (3 अंक)

1m, 1cm, 1Km, 1mm

प्रश्न 7. किसी एक चुंबकीय पदार्थ का नाम लिखिए। (3 अंक)

प्रश्न 8. हड्डियों की मजबूती के लिए कौन से विटामिन की आवश्यकता होती है ?  (3 अंक)

प्रश्न 9. थ्रेसिंग किसे कहते हैं ?  (4 अंक)

प्रश्न 10  (i) वायु किसे बनी है? उनके अवयवों के नाम लिखिए।  (3x2=6 अंक)

(ii) रेत और जल के मिश्रण में से रेत और जल को आप कैसे पृथक करेंगे?

प्रश्न 11. (i) पति का नामांकित चित्र बनाओ।  (3x2=6 अंक)

(ii) वाष्पोत्सर्जन को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 12.  (i) पवन चक्की का चित्र बनाइये।  (3x2=6 अंक)

(ii) पवन चक्की का दैनिक जीवन में तीन उपयोग लिखिए।

प्रश्न 13 .  (i) पौधे का नामांकित चित्र बनाओ।  (4x2=8 अंक)

(ii) पौधे में कितने प्रकार की जड़े होती हैं? नाम लिखिए।

अथवा

पुष्प का नामांकित चित्र बनाओ।

(ii )पुष्प में कितने भाग होते हैं?नाम लिखिए।

प्रश्न 14.  (i) किसी विद्युत परिपथ का नामांकित चित्र बनाओ।  (4x2=8 अंक)

(ii) अपने घर में स्विच की मरमत करते समय विद्युत मिस्त्री रबड़ के दस्ताने क्यों पहना है?

अथवा

(i) कंपास का नामांकित चित्र बनाओ।

(ii) चुंबक अपनी विराम अवस्था में किस दिशा में ठहरता है? सचित्र समझाइए।